# Gaura Maiya Ke Ho Ladle | By Sunil Sarvottam |

गौरा मैया के हो लाडले
शिव शंकर के प्यारे
सर्व प्रथम जो तुमको पूजे
होंगे वारे न्यारे
होंगे वारे न्यारे

जय जय गौरी लाल
शिव शंकर के प्यारे

हे गणराजा हे महाराज
तुमको आज मनाए
शुभ कर्मों में सबसे पहले
तेरा नाम धियाए
भोग लगाए दीप जलाए
भोग लगाए दीप जलाए
तेरा नाम पुकारे
तेरा नाम पुकारे

गौरा मैया के हो लाडले
शिव शंकर के प्यारे

जय जय गौरी लाल
शिव शंकर के प्यारे

सिद्धि विनायक मूषक वाहक
एकदंत पीतांबर
बुद्धि विधाता भुवन पति हैं
सुरेश्वरम प्रथमेश्वर
मंगल मूर्ति शुभ गुण कानन
मंगल मूर्ति शुभ गुण कानन
सब देवों से न्यारे
सब देवों से न्यारे

गौरा मैया के हो लाडले
शिव शंकर के प्यारे

जय जय गौरी लाल
शिव शंकर के प्यारे

ऋद्धि सिद्धि के हो दाता
शुभ लाभ के देवा
मनचाहा फल पाते हैं जो
करते आपकी सेवा
सोए भाग्य जगा दे पल में
सोए भाग्य जगा दे पल में
बिगड़े काज सँवारे
बिगड़े काज सँवारे

गौरा मैया के हो लाडले
शिव शंकर के प्यारे

जय जय गौरी लाल
शिव शंकर के प्यारे

गौरा मैया के हो लाडले
शिव शंकर के प्यारे
सर्व प्रथम जो तुमको पूजे
होंगे वारे न्यारे
होंगे वारे न्यारे

https://bhaktivandana.com/lyrics/gaura-maiya-ke-ho-ladle-by-sunil-sarvottam/